# बेटे को दो मंजिल से फेंकने वाली मां को उम्रकैद, प्रेमी बरी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** तीन साल के मासूम की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायालय ने मां ज्योति राठौर को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है, जबकि पर्याप्त सबूत न होने पर उसके प्रेमी उदय इंदौलिया को बरी कर दिया। यह फैसला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर सुनाया गया।

घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र की है। ज्योति राठौर पड़ोस में रहने वाले अपने प्रेमी उदय इंदौलिया के साथ छत पर थी। इसी दौरान उसका बेटा जतिन छत पर पहुंच गया और उसने मां को प्रेमी की बाहों में देख लिया। इस बात के उजागर होने के डर से ज्योति ने जतिन को दो मंजिला छत से नीचे फेंक दिया। ऊंचाई से गिरने के कारण बच्चे के सिर में गंभीर चोटें





आईं। उसे ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक दिन इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। बच्चे के पुलिस कॉन्स्टेबल पिता ध्यान सिंह शुरुआत में इसे हादसा मानते रहे।

बेटे की मौत के बाद मां बोली कि सपने में बेटा आता है। बेटे जतिन की मौत के बाद ज्योति डरी-सहमी और घबराई हुई रहने लगी थी। वह रात में अचानक घबराकर जाग जाती थी। पति ध्यान सिंह को लगा कि पत्नी बेटे की मौत के गहरे सदमे में है। इसी वजह से उसे नींद नहीं आ रही है लेकिन ज्योति की हालत खराब होती चली गई। डॉक्टरों को दिखाने के बाद भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।ज्योति के रात में जागने की वजह यह थी कि उसका मरा हुआ बेटा जतिन उसे बार-बार सपनों में दिखाई देता था। उसे आभास होने लगा था कि जतिन की आत्मा घर में भटक रही है। उसका जीना मुहाल हो जाएगा। इसी डर के चलते एक दिन उसने पति के सामने जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि गुस्से में उसने बेटे को छत से धक्का दे दिया था।

यह कबूलनामा सुनकर पुलिसकर्मी पति ध्यान सिंह खुद को रोक नहीं सका और उसने तय कर लिया कि वह अपनी पत्नी को सजा जरूर दिलाएगा। हालांकि, इस घटना का कोई प्रत्यक्ष सबूत या गवाह नहीं था। इसके चलते ध्यान सिंह ने पहले पत्नी ज्योति को विश्वास में लिया और उससे लगातार घटना को लेकर बातचीत करने लगा। साथ ही वह इन बातचीत को मोबाइल में रिकॉर्ड भी करने लगा। महिला की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज अहम सबूत बने।

# सांसद भारत सिंह ने किया विक्की फैक्ट्री से एजी ऑफिस पुल तक निर्माणधीन सड़क का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** सांसद भारत सिंह कुशवाह ने रविवार को विक्की फैक्ट्री से एजी ऑफिस पुल तक निर्माणधीन सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद ने पीडब्ल्यूडी विभाग के

**करीब 16 .50 करोड़ की लागत से बन रही है व्हाइट टॉपिंग सड़क**

अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह सड़क शहर के प्रवेश मार्ग की मुख्य सड़क हैं इसलिए गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, साथ ही राहगीरों को परेशानी न हो इसका भी ख्याल निर्माण एजेंसी रखें।

गौरतलब है कि सांसद भारत



सिंह के प्रयासों से विक्की फैक्ट्री से एजी ऑफिस पुल तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। यह सड़क बरसात में काफी खुद गई थी जिससे आम राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उक्त सड़क की लंबाई करीब 4.50 किलोमीटर है इसके निर्माण पर करीब 16 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत राशि खर्च की जा रही है। व्हाइट टॉपिंग कार्य के साथ साथ डिवाइडर, हार्ड शोल्डर और नाली निर्माण एवं रोड मार्किंग का कार्य भी किया जाएगा।

यह सड़क बरसात में न खुदे और लंबी अवधि तक चले, इसको लेकर इसका निर्माण नवीन व्हाइट टॉपिंग तकनीकी द्वारा किया जा रहा है जिससे यह सड़क 15 से 20 साल तक चल सकती है । रविवार को सांसद भारत सिंह ने स्थल निरीक्षण किया और पीडब्ल्यूडी विभाग एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया की निर्माण कार्य में तेजी लाएं और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान जो भी परेशानी आ रही है उसको नगर निगम एवं अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिल कर निराकरण करें ताकि तय समय में सड़क का निर्माण हो सके। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ डी एस भदोरिया एवं उपयंत्री मौजूद थे।

# मेला का तीसरा संडे : उमड़ पड़ी सैलानियों की भीड़, झूला सेक्टर फुल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** बसंत पंचमी का पर्व आने बाला है। इस दिन अबूझ मुहूर्त होने के कारण बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। इसका असर है। मेले का तीसरा रविवार होने के ग्वालियर व्यापार मेले में साफ नजर आ रहा व्यापार मेला में सुबह से ही सैलानियों और खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जो रात तक देखी गई। विवाह और बसंत पंचमी की खरीदारी को लेकर मेला पूरी तरह गुलजार नजर आया। मेले में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पूरी तरह सज चुके हैं। फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन, माइक्रोवेव ओवन, म्यूजिक प्लेयर और एलईडी टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की जमकर खरीदारी हो रही है। खासतौर पर वर-वधु को उपहार देने के लिए लोग इलेक्ट्रॉनिक सामान को प्राथमिकता दे रहे हैं।



### कान्याल ने मेले में लिया बायस्कोप का आनंद

कलेक्टर गुना किशोर कान्याल ने शिल्प बाजार में भ्रमण के दौरान गुना जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने ही समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय हेतु लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से व्यापार मेले में मिल रहे रिस्पाँस के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे और सक्रियता व मेहनत से बेहतर से बेहतर उत्पाद बनाएं ताकि बाजार में उनको अच्छी कीमत मिल सके। कलेक्टर ने मेला भ्रमण के दौरान जनसंपर्क विभाग, गौशाला, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने शिल्प बाजार में भ्रमण के दौरान बायस्कोप संचालक से चर्चा की। संचालक के आग्रह पर उन्होंने बायस्कोप के माध्यम से प्रदर्शित किए जा रहे चित्रों का भी आनंद लिया।





# गहोई समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गहोई एकता दिवस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** शहर के रंगमहल गार्डन में गहोई समाज द्वारा गहोई एकता दिवस बड़े उत्साह और सामाजिक एकजुटता के संदेश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन गहोई समाज के शहर अध्यक्ष दिलीप तपा, संयोजक अशोक कश्तवार, मुकेश गुप्ता, मोनू गुप्ता, रीतेश गुप्ता आदि द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, अध्यक्ष गौ रक्षा समिति श्यामबिहारी गुप्ता, विधायक सतीश सिकरवार, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुधीर गुप्ता सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत चल समारोह एवं शोभा यात्रा के साथ हुई। शोभा यात्रा सनातन धर्म मंदिर से लोहिया बाजार, दौलत गंज, सराफा बाजार होते हुए रंगमहल गार्डन में पहुंची। चल समारोह को विधायक सतीश सिकरवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुति पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और उपस्थित जनसमूह ने कलाकारों की सराहना की।

मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि गहोई समाज एक जागरूक और सक्रिय समाज है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 35 वर्षों से समाज के कार्यक्रमों में उन्हें निरंतर आमंत्रित किया जाता रहा है, जो समाज की एकता और सक्रियता का प्रमाण है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकुमार गुप्ता, महेश गुप्ता, राकेश कुचिया, विकास गुप्ता, रीतेश गुप्ता , पंकज नरवरिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### वरिष्ठ चित्रकार डॉ. नीता पहारिया का सम्मान

कार्यक्रम में ग्वालियर की वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चित्रकार डॉ. नीता योगेंद्र पहारिया को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वे ग्वालियर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. योगेंद्र पहारिया की सहधर्मिणी हैं तथा लहार निवासी अधिवक्ता रामजी गुप्ता एवं रामश्री गुप्ता की सुपुत्री हैं। डॉ. नीता पहारिया चार बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुकी हैं। चित्रकला के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च राजा रवि वर्मा सम्मान उन्हें दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं केंद्रीय संस्कृति मंत्री द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दो बार सम्मान प्राप्त हुआ है।





एक्स-शोरूम प्राइस ₹72,700~

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-showroom Price is inclusive of Exshowroom, Insurance & Registration charges. *T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो, 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो, 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो, 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो, 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाहः उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज, 7428492559, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स, 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज, 9893670277, गोहदः ओम साईं मोटर्स, 8358994876, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंजः असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौराः विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस, 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्डः शिवम् मोटर्स, 9289922787

RS/Hero/01/26


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95